अनुक्रमांक ....................................   समय : 1.00 घण्टा

नाम ............................................   पूर्णांक : 25

# प्रश्न-पुस्तिका
# प्रथम सेमेस्टर – 2019
# (हिन्दी)

**निर्देश :**

1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न के निर्धारित अंक प्रश्न के सम्मुख दिये गये हैं।
2. इस प्रश्न-पत्र में तीन प्रकार के प्रश्न हैं। वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के सही विकल्प छाँटकर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखें। अति लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग तीस (30) शब्दों में, लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग पचास (50) शब्दों में लिखिए।

---

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**1.** नूतन का विलोम शब्द है- **(1)**

(A) पुराना (B) नवीन

(C) पुरातन (D) प्राचीन।

**2.** 'य' वर्ण है- **(1)**

(A) उत्क्षिप्त (B) अन्तःस्थ

(C) संयुक्त (D) ऊष्म।

**3.** भाषा शिक्षण के अन्तर्गत सुलेख से तात्पर्य है- **(1)**

(A) सुन्दर लेखन (B) शीघ्र लेखन

(C) देखकर लिखना (D) सुलेख शब्द लिखना

**4.** 'ज्ञ' वर्ण किन वर्णों के संयोग से बना है? **(1)**

(A) म् + ञ (B) ज् + ञ

(C) ज + य (D) ज + न्य।

**5.** अशुद्ध वर्तनी वाले शब्द का चयन कीजिए- **(1)**

(A) अत्युत्तम (B) अभ्युदय

(C) अत्याधिक (D) अन्वय।

## अति लघु उत्तरीय प्रश्न

**6.** 'उपेक्षा' और 'अपेक्षा' शब्द का अर्थ लिखिए। **(1)**

**7.** जिसके नीचे रेखाएँ लगाई गई हों, वाक्यांश के लिए एक शब्द लिखें। **(1)**

**8.** 'आकाश' शब्द के चार पर्यायवाची शब्द लिखिए। **(1)**

**9.** 'ओ', 'औ' किस प्रकार के वर्ण हैं? **(1)**

**10.** ऊष्म व्यंजन कितने हैं? लिखिए। **(1)**

**11.** सन्धि एवं संयोग शब्दों का विलोम शब्द लिखिए। **(1)**

## लघु उत्तरीय प्रश्न

**12.** आँख, अश्व, समुद्र और सूर्य के एक-एक समानार्थक शब्द लिखिए। **(2)**

**13.** प्रश्नवाचक चिन्ह से आप क्या समझते हैं? उदाहरण सहित लिखिए। **(2)**

**14.** अनुलेख एवं श्रुतलेख में क्या अन्तर है? समझाइए। **(2)**

**15.** लेखन शिक्षण की विविध विधियाँ कौन-कौन सी हैं? **(2)**

**16.** पूर्ण-विराम एवं अर्ध-विराम के दो-दो उदाहरण दीजिए। **(2)**

**17.** हिन्दी भाषा में प्रयुक्त होने वाले किन्हीं चार विराम चिन्हों का नाम लिखिए। उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए। **(2)**

**18.** शिरोरेखा किसे कहते हैं? दो उदाहरण लिखते हुए समझाइए। **(2)**

---

**UPDELEDSTUDY.IN**

1. इस प्रश्न-पत्र का विस्तृत हल यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/pyqs/semester-1/hindi/2019

2. हिन्दी का MCQ टेस्ट यहाँ दें:
https://updeledstudy.in/mcq-tests/semester-1/hindi/

3. हिन्दी के नोट्स यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/study-materials/semester-1/hindi/

**हमसे जुड़ें**
Telegram: https://t.me/updeledstudyin
YouTube: https://youtube.com/@updeledstudyin

© UPDELEDSTUDY.IN